तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, मंगलवार 11 नवंबर 2025

12 भाजपा मंडल में एसआईआर प्रशिक्षण पर कार्यशाला...



12 आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को जन-जन...





## खबर संक्षेप

### ट्रक की ठोकर से बाइक सवार दो घायल, रिपोर्ट दर्ज

**बालोद।** बाईक के माध्यम से रिस्तेदार से मिलने जा रहे दो युवक सड़क दुर्घटना के शिकार हो गए। जिसमें दोनो ही युवक बुरी तरह घायल हो गए। जिसके बाद एक घायल युवक के भाई ने ट्रक चालक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम रेगनी निवासी दुलेश कुमार गांवरे ने पुलिस को बताया कि 08 नवंबर मेरा भाई धीरपाल ठाकुर पिता घनश्याम ठाकुर 27 वर्ष एवं भूपेन्द्र ठाकुर पिता टीकम सिंह ठाकुर 32 वर्ष का रोड एक्सीडेंट हो गया है की जानकारी पर जिला अस्पताल बालोद आने पर मेरा भाई धीरपाल ठाकुर ने बताया कि 08 नवंबर को मोटर सायकल क्रमांक सीजी 24 यू 1970 में घर से भूपेन्द्र ठाकुर के रिश्तेदार से मिलने झलमला जा रहे थे कि करीबन 11.30 बजे झलमला चौक के पास सामने की ओर से आ रही ट्रक क्रमांक सीजी 08 एल 2797 के चालक द्वारा तेजी एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाकर ठोकर मारकर एक्सीडेंट करने से मोटर सायकल सहित गिर गये जिससे धीरपाल ठाकुर के सिर एवं बाये पैर में गंभीर चोट एवं भूपेन्द्र ठाकुर के आंख, पैर व हाथ में चोट लगने से तत्काल ईलाज हेतु जिला अस्पताल बालोद में दोनो को भर्ती कराये है।

### वन अधिकार प्रकोष्ठ में नियुक्ति के लिए साक्षात्कार कल

**बालोद।** वन अधिकार प्रकोष्ठ में जिला स्तरीय समन्वयक एवं एम.आई.एस. सहायक की नियुक्ति हेतु साक्षात्कार की तिथि 12 नवंबर को निर्धारित की गई है। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि वन अधिकार प्रकोष्ठ में जिला स्तरीय समन्वयक एवं एम.आई.एस. सहायक की नियुक्ति हेतु पात्र-अपात्र सूची जारी करने के उपरांत पात्र अभ्यर्थियों का साक्षात्कार 12 नवंबर को अपर कलेक्टर के कक्ष क्रमांक 46 में दोपहर 03 बजे से आयोजित की गई है। उन्होंने बताया कि पात्र अभ्यर्थियों को निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान में आवश्यक मूल दस्तावेजों के साथ उपस्थित होना अनिवार्य है। उल्लेखीनय है कि अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पंरपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम 2006 एवं नियमों की प्रभावी एवं सूचारू क्रियान्वयन हेतु जिला स्तर पर तथा चिन्हित अनुभाग स्तर पर वन अधिकार प्रकोष्ठ में जिला स्तरीय समन्वयक (समन्वयक वन अधिकार अधिनियम) एवं 02 एम.आई.एस. सहायक (सहायक वन अधिकार अधिनियम) की नियुक्ति की जाएगी।

### ट्रक की ठोकर से साइकिल सवार की मौत

**दुर्ग।** मोहन नगर थाना अंतर्गत धमधा रोड पर सड़क हादसे में साइकिल सवार की मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन सहित फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार हादसा धमधा नाका बोगदा पुलिया के आगे धमधा रोड पर हुआ। मृतक की पहचान नबा बाय के रूप में हुई है, जो आर्य नगर स्थित तुलाराम स्कूल के पास परिवार के साथ रहता था। मृतक के पुत्र के मुताबिक उसे फोन पर सूचना मिली कि उसके पिता का सड़क हादसे में एक्सीडेंट हो गया है। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को जिला अस्पताल दुर्ग ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### लावारिस की मौत पहचान नहीं

**भिलाई।** जीआरपी थाना भिलाई ने एक अज्ञात व्यक्ति की पहचान में मदद की अपील की है। 28 अक्टूबर की दोपहर करीब 12 बजे ट्रेन नंबर 22815 एरणाकुलम एक्सप्रेस के इंजन से टकराने से एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। हादसा भिलाई रेलवे स्टेशन के पास हुआ।

# मौसम में बदलाव के साथ बढ़ी ठंड, अलाव जलाना शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाटाबोड़

पिछले दो तीन दिनों से मौसम में फिर परिवर्तन आ गया है। रात में ठंड बढ़ने के साथ शहरी छेत्र के अलावा ग्रामीण छेत्र के चौक-चौराहों में अब अलाव जलाना शुरू हो गया है। ठंड नहीं पड़ने के कारण मार्केट पूरी तरह से ठंडा था।

ठंड बढ़ने के साथ अब गर्म कपड़ों के बाजार में बिक्री शुरू हो गई है कुछ दिनों पूर्व बादल वाले मौसम होने की वजह से ठंड का असर कम हो गया था। वातावरण में उमस से लोग परेशान था। अब पिछले दो दिनों से मौसम में परिवर्तन हुआ है। रात में ठंड बढ़ गई है। ठंड से बचने लोग गर्म कपड़े पहनकर घरों से बाहर निकल रहे हैं। वहीं रात में घरों और चौक चौराहों पर अलाव जलना शुरू हो गया है ग्रामीण अंचल में भी लोग अलाव का सहारा ले रहे हैं।

ठंड बढ़ने की वजह से लोग अब समय से पहले घरों में दुबक रहे हैं ताकि ठंड से बच सके। वही सुबह अधिक ठंड पड़ने के कारण मार्निंग वाक पर जाने वाले लोगों की संख्या में पहले से कमी आई है। वृद्धजन तो सुबह व रात में घरों से बाहर नहीं निकल रहे हैं क्योंकि अधिक ठंड पड़ने के कारण उनकी सेहत पर ठंड का विपरीत असर पड़ेगा पिछले दो तीन दिनों से मौसम में परिवर्तन होने के साथ ठंड बढ़ गया है।

### गर्म कपड़ों की बिक्री में आई तेजी

*गर्म कपड़ों की बाजार में स्वेटर, कंबल, जर्सी समेत अन्य गर्म कपड़ों की खरीदी व पूछ परख शुरू हो गई है, इससे व्यवसायी खुश है पिछले तीन-चार दिनों से बादल वाले मौसम का विपरीत असर लोगों की सेहत पर पड़ा। ज्यादातर लोग गले में खरास, सर्दी, खांसी से पीड़ित हो गए। डाक्टरों के पास उपचार कराने के बाद भी लोगों को राहत नहीं मिली। छोटे-बच्चों से लेकर बड़े बुजुर्ग सर्दी, खांसी से परेशान हैं, जो डाक्टर का सहारा अभी भी ले रहे हैं।*



## देश की एकता में सरदार पटेल का योगदान अतुलनीय: सांसद भोजराज

# सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर निकाला विशाल यूनिटी मार्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री एवं लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती और आजादी के रजत महोत्सव के अवसर पर रविवार को बालोद जिले में विशाल यूनिटी मार्च का आयोजन किया गया। यह मार्च गंगा मैय्या मंदिर झलमला से प्रारंभ होकर सिवनी, गंजपारा, दुर्गा मंदिर, मधु चौक होते हुए नया बस स्टैंड बालोद तक निकाला गया। कार्यक्रम के समापन समारोह में कांकेर लोकसभा क्षेत्र के सांसद भोजराज नाग मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

- स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग और नशामुक्त भारत की शपथ दिलाई गई
- देशभक्ति गीतों और नारों से गुंजा बालोद, लोगों ने पुष्पवर्षा कर किया स्वागत

सांसद नाग ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि देश की स्वतंत्रता के बाद 562 रियासतों को एकजुट कर भारत को एक अखंड राष्ट्र बनाने में सरदार वल्लभभाई पटेल का योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। उन्होंने कहा कि लौह पुरुष पटेल ने अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति, अद्भुत नेतृत्व क्षमता और अटूट देशभक्ति से भारत के नव निर्माण का जो कार्य किया, वह अनुकरणीय ▶▶| शेष पेज 11 पर





### पुष्पवर्षा कर यूनिटी मार्च का स्वागत

मार्च के दौरान प्रतिभागियों ने देशभक्ति गीतों और नारों से वातावरण को राष्ट्रभक्ति से सराबोर कर दिया। झलमला और सिवनी में शहीद गैंद सिंह नायक, निरलेश कुमार ठाकुर और नारद निषाद की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर सांसद नाग और अतिथियों ने "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के अंतर्गत पौधारोपण किया तथा स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग और नशामुक्त भारत के निर्माण की शपथ दिलाई। बालोद नगर के विभिन्न चौक-चौराहों पर आम नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर यूनिटी मार्च का स्वागत किया। समापन समारोह में अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने सरदार पटेल के जीवन से प्रेरणा लेकर देश सेवा में योगदान देने का संकल्प लिया।

# खंभा गाड़ने पर हुआ विवाद भांजे ने मामा की पिटाई की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



अस्थाई बिजली वायर लगे लकड़ी का खंभा सड़ जाने पर नए लकड़ी का खंभा गड़ा रहे व्यक्ति को उसके भांजे व उसके साथी मारपीट व गाली गलौज कर दिया। जिसके बाद पीड़ित व्यक्ति ने दो लोगो के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमें पुलिस ने धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर लिया है।

- मामा-भांजे में विवाद पहुंचा थाने

ग्राम मनकी पुलिस चौकी पिनकापार थाना देवरी निवासी नन्हे लाल प्रजापति ने पुलिस को बताया कि टेम्परारी बिजली कनेक्शन लिया हुं। बिजली कनेक्षन को पक्की रोड के पास लगे बिजली ट्रांसफार्मर से अपने खेत तक लकडी का खम्भा गडाकर ले गया हुं। जिसमें से एक खम्भा सड़ जाने से 9 नवंबर के दोपहर करीब 2 बजे दूसरा लकडी का खम्भा गडा रहा था। उसी समय मेरा भांजा बाबुलाल प्रजापति एवं सुनील प्रजापति दोनों मिलकर हमारे खेत के मेड किनारे में क्यों लडकी का खम्भा गडा रहे हो कहकर दोनों मिलकर मुझे गाली गलौज कर लकडी के खम्भा को उखाड़कर फेंक दिये और दोनों मिलकर हाथ मुक्का से मारपीट किये हैं।

बाबूलाल प्रजापति ने मेरे दाहिने हाथ के कलमें वाली उंगली को पकडकर मरोड दिया और मुझे जमीन में पटक दिया था। सुनील प्रजापति ने मेरा कमर को पकडकर दबाकर रखा था। घटना को भरनाभाट निवासी उगेष प्रजापति, महेन्द साहू और मेरी पत्नी सुखमति प्रजापति देखें सुने और बीच बचाव किये हैं। बाबूलाल प्रजापति और सुनील प्रजापति दोनों मुझे गाली गलौज दिये हैं, जो सुनने में बहुत खराब लग रहा था एवं मुझे जान से मारने की धमकी दिये हैं जिससे मैं काफी डरा सहमा और भयभीत हुं। मेरा भांजा बाबुलाल प्रजापति एवं सुनील प्रजापति दोनों मुझे मारपीट किये हैं जिससे मेरे दाहिने हाथ के कलमें वाली उंगली में चोंट एवं गला में खरोच आया है।

# खुलेआम बिक रहा मिलावटी दूध, स्वास्थ्य के लिए बना खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

शहर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में मिलावटी व नकली दूध का कारोबार धड़ल्ले से जारी है। हर दिन हजारों लीटर दूध बिना किसी जांच और नियंत्रण के शहर में बेचा जा रहा है। जांच से बचने के लिए कुछ विक्रेता देर रात या सुबह-सुबह दूध की आपूर्ति करते हैं।

विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार, दूध को गाढ़ा और अधिक मलाईदार दिखाने के लिए उसमें डिटर्जेंट, यूरिया, स्टार्च, रिफाइंड ऑयल और अन्य रासायनिक पदार्थों का प्रयोग किया जा रहा है। यह तथाकथित "सिंथेटिक दूध" न केवल पौष्टिकता से रहित है, बल्कि स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन गया है। इससे पेट दर्द, दस्त, उल्टी, लीवर व किडनी पर बुरा असर पड़ सकता है।

- सिंथेटिक दूध से बढ़ रहा स्वास्थ्य संकट, जांच व्यवस्था लचर
- बिना जांच बिक रहा हजारों लीटर दूध, बच्चों-बुजुर्गों की सेहत पर खतरा



स्थानीय उपभोक्ताओं का कहना है कि कई बार दूध का स्वाद और गाढ़ापन असामान्य लगता है, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती। खाद्य विभाग की ओर से कभी-कभार सैंपलिंग की जाती है, परंतु नियमित जांच नहीं होने से मिलावटखोरों के हौसले बुलंद हैं। कुछ माह पूर्व में खाद विभाग ने आकस्मिक छापामार कार्यवाही किया था। इसके बाद कुछ दिनों के लिए मिलावटी दूध करने वाले भूमिगत हो गए थे परंतु वापस मिलावटी दूध धड़ल्ले से बिक रहा है। शहर में दूध के विक्रेताओं के पास अधिकतर जगहों पर किसी भी प्रकार का पंजीयन या शुद्धता प्रमाणपत्र नहीं है। फिर भी दूध की बिक्री खुलेआम हो रही है। उपभोक्ता संरक्षण मंचों ने भी कई बार इस पर चिंता जताई है। मिलावटी दूध का उपयोग बच्चों और बुजुर्गों के लिए विशेष रूप से खतरनाक बताया जा रहा है।

### जनता की अपील

स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि दल्लीराजहरा में दूध की गुणवत्ता की नियमित जांच की जाए, और मिलावटखोरों पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

### अधिकारियों का पक्ष

जिला खाद्य अधिकारी तुलसी ठाकुर का कहना है कि मिलावटी दूध और अन्य खाद्य पदार्थों के विरुद्ध समय-समय पर जांच अभियान चलाया जाता है। यदि किसी क्षेत्र से शिकायत प्राप्त होती है, तो मौके पर टीम भेजकर सैंपल जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे जाते हैं। दोषी पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। नगर पालिका अधिकारी भूपेंद्र वाडेकर ने भी कहा कि शहर में स्वच्छता और खाद्य सुरक्षा को लेकर अभियान चल रहा है। दूध विक्रेताओं पर निगरानी बढ़ाई जाएगी, और जिनके पास मान्यता नहीं होगी, उन पर कार्रवाई की जाएगी।

# शाकंभरी महोत्सव व युवक-युवती परिचय कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री साय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज बालोद जिले के डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम बटेरा स्थित हेलीपैड पहुँचने पर आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। उनके साथ संजारी बालोद विधायक संगीता मौजूद थी।

- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का स्वागत करने उमड़ा जनसमूह

हेलीपैड स्थल में छत्तीसगढ़ प्रदेश कोसरिया पटेल समाज के पदाधिकारी, जिले के जनप्रतिनिधि सहित जिला प्रशासन के आला अधिकारियों ने मुख्यमंत्री साय का आत्मीय स्वागत व अभिनंदन किया। इस दौरान छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ के उपाध्यक्ष यज्ञदत्त शर्मा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू, राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य यशवंत जैन, नगर पंचायत डौंडीलोहारा के अध्यक्ष लाल निवेंद्र सिंह टेकाम, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष देवलाल ठाकुर, नगर पालिका परिषद बालोद के पूर्व अध्यक्ष राकेश यादव, छत्तीसगढ़ कोसरिया मरार समाज के प्रदेश पदाधिकारियों तथा अन्य जनप्रतिनिधियों, दुर्ग रेंज के आईजी राम गोपाल गर्ग, कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी ने पुष्प गुच्छ प्रदान कर स्वागत किया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज संबलपुर में कोसरिया मरार पटेल समाज द्वारा आयोजित युवक युवती परिचय सम्मेलन एवं शाकम्बरी महोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए।



## जननी सुरक्षा योजना के तहत माताओं को मिला लाभ और प्रसूता किट प्रदान

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पांच गर्भवती महिलाओं का सुरक्षित प्रसव, मां-बच्चे स्वस्थ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

विकासखंड गुरुर में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुनील भारती के मार्गदर्शन में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पुरूर में मातृत्व शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत दो दिवसों में प्रसव की निर्धारित तिथि वाले पांच गर्भवती माताओ का सुरक्षित प्रसव कराया गया। जहां मां एवं बच्चे स्वस्थ हैं, प्रसव उपरांत बच्चे को जानलेवा बीमारी के बचाव हेतू आवश्यक टीके लगाया गया।

- स्वास्थ्य केंद्र की टीम ने प्रसव कार्य में निभाई अहम भूमिका

खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुनील भारती ने बताया कि मां को जननी सुरक्षा योजना का लाभ के साथ साथ अस्पताल से छुट्टी करने के दौरान प्रसूता माता को कीट प्रदान किया जाएगा। उक्त कीट में मां व बच्चों के उपयोग की आवश्यक सामग्री जिनमें कम्बल, बेडशीट, तकिया, मच्छरदानी बच्चे व मां के लिए कपड़े, तेल व अन्य चीजें शामिल रहती है जो एक अनुकरणीय पहल हैं। यह सामग्री सामान्य व गरीब तपके के लोग नहीं खरीद पाते, संस्थागत प्रसव का मुख्य उद्देश्य सुरक्षित प्रसव कराना ताकि मां बच्चे में किसी प्रकार की जटिलता एवं स्वास्थ्य समस्या न हो यदि किसी प्रकार की जटिलता हो तो पहचान कर त्वरित उच्च अस्पताल में उचित प्रबंधन हेतु भेजी जा सके।



उन्होने कहा क्षेत्र के आम जनों से अपील किया जाता हैं कि सभी गर्भवती माताओं का प्रसव शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में अवश्य करावे। पुरूर पीएचसी में ग्रामीण चिकित्सा सहायक कमल किशोर सिन्हा, हेमबती नेताम, सोनल मसीह, भारती साहू, स्टॉफ नर्स माधवी धुरव, सीएचओ यशोमति साहू व अन्य स्टॉफ की भागीदारी रही।

# अज्ञात वाहन की ठोकर से युवक घायल, रिपोर्ट दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

रोजी मजदूरी कर मोटर सायकल के माध्यम से वापस अपने घर आ रहे युवक को अज्ञात वाहन ने पीछे से ठोकर मार दी। जिससे युवक बुरी तरह घायल हो गया। जिसके बाद ग्राम कोटवार द्वारा अज्ञात वाहन के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई गई है। जिसमे पुलिस ने धारा 184 एलकेएस, 125(ए), 281 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर लिया है।

- रोजी मजदूरी कर घर लौटते समय हुआ हादसा

ग्राम सीबी नवागांव चौकी पिनकापार थाना देवरी निवासी नरेन्द्र कुमार खोब्रागढे ने पुलिस को बताया कि ग्राम कोटवार का काम करता हूं। 09 नवंबर को रात्रि करीब 08 बजे मैं घर पर था। उसी समय मुझे सूचना मिला कि हमारे गांव के भांठापारा में नहर नाली पुलिया के पास एक्सीडेंट हो गया है, तब मैं वहां पर जाकर देखा तो मेरे गांव का बलराम यादव पिता बिशेसर राम यादव 36 वर्ष का एक्सीडेंट हुआ था। बिशेसर यादव अपने सायकल से राजनांदगांव रोजी मजदूरी करने गया था, जो नहर नाली तरफ से वापस घर आ रहा था कि रात्रि करीब 08 बजे ग्राम सीबी नवागांव भांठापारा में नहर नाली पुलिया के आगे मेन रोड में पहुंचा था उसी समय पीछे तरफ से आ रही अज्ञात वाहन का चालक ने अपने वाहन को तेज गति से चलाते हुये लाकर बलराम यादव को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया है, जिससे बलराम यादव के सिर में पीछे तरफ, दाहिना ▶▶| शेष पेज 11 पर

# शिक्षा विभाग के 2813 शिक्षक प्राचार्य बने, दुर्ग में 250 को पदोन्नति

## शिक्षक कांग्रेस ने उठाया था मुद्दा, इसके बाद शासन ने जारी किया आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

छत्तीसगढ़ शिक्षक कांग्रेस जिला दुर्ग द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तकियापारा दुर्ग में दीपावली मिलन समारोह शिक्षक कांग्रेस के प्रांताध्यक्ष एवं छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी संयुक्त मोर्चा के प्रांतीय संयोजक अनिल शुक्ला की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रांतीय पदाधिकारी अतुल कामले, राजेश द्विवेदी, टीएस सिन्हा एवं जिला दुर्ग के संरक्षक मोहसिन अली विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। दुर्ग जिला अध्यक्ष बेनी राम देवांगन, महामंत्री ईश्वर लाल सोनी, भिलाई नगर अध्यक्ष होल साय वर्मा ने प्रांताध्यक्ष सहित अतिथियों का स्वागत किया। मिलन समारोह में उपस्थित मंजू गुप्ता, पुष्पा जोशी, मंजू लकरा, ईश्वरी गायकवाड़ एवं वीके सिंह ने कहा कि स्कूल शिक्षा विभाग में विगत दस वर्षों से प्राचार्य की रुकी हुई है। पदोन्नति को प्रांताध्यक्ष अनिल शुक्ला ने संचालनालय से उच्च न्यायालय तक संघर्ष कर स्कूल शिक्षा विभाग के 2813 व्याख्याता एवं प्रधान पाठक माध्यमिक विद्यालय को प्राचार्य पद पर पदोन्नति दिलाने में महती भूमिका का निर्वहन किया। प्रधान पाठक से सीधे प्राचार्य पदोन्नत होने वाले जय जय राम देशमुख, राजेश द्विवेदी ने कहा कि हम लोगों ने कभी सोचा नहीं था कि प्राचार्य पद से सेवानिवृत होंगे। मिलन समारोह में नेम राज वर्मा, दीनानाथ सर्वा, प्रकाश चंद्राकर, सेवक राम गजपाल, बीएल लीलाहरे, सूर्यनारायण राव, विनोद ठाकुर, संदीप दुबे सहित अन्य शिक्षकगण उपस्थित थे।

### विधिक ज्ञान से मिली सफलता

व्याख्याता से प्राचार्य पदोन्नत रवि प्रधान ने कहा कि प्राचार्य पदोन्नति में कोर्ट का सहारा लेकर विभाग के कतिपय व्याख्याता अवरोध उत्पन्न कर रहे थे किंतु अनिल शुक्ला ने उच्चन्यालय में प्राचार्य पदोन्नति के विरुद्ध सभी याचिकाओं को अपने विधिक ज्ञान एवं सर्विस मैटर के दक्ष अधिवक्तागणों के माध्यम से खारिज कराने में सफल रहे। उपस्थित सभी साथियों ने प्रांताध्यक्ष श्री शुक्ला को जिस तकियापारा विद्यालय को वर्ष 2008 में हाई स्कूल के प्रभारी प्राचार्य के रूप में शुरू किया, उसी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का प्राचार्य के पद पदभार ग्रहण करने के लिए बधाई दी।




### सभी का मिला सहयोग

अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में श्री शुक्ला ने कहा कि प्राचार्य पदोन्नति में छत्तीसगढ़ प्राचार्य पदोन्नति फोरम के सहयोगियों के साथ साथ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं प्रदेश के स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव का भरपूर सहयोग मिला। स्कूल शिक्षामंत्री के निर्देश पर सभी पदोन्नत प्राचार्य अति शीघ्र विद्यालय में कार्यभार ग्रहण करेंगे। राज्य के कर्मचारियों एवं पेंशनरों को केंद्र के समान महंगाई भत्ता एवं वर्ष 2017 से देय एरियर्स के लिए एक मांग एक मंच के हस्ताक्षर अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया है।

## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय मेगा शिविर 14 नवम्बर को

**दुर्ग।** वित्त मंत्रालय भारत सरकार द्वारा भारत के 100 जिलों में दावा रहित जमा राशियों हेतु जिला स्तरीय मेगा शिविर 14 नवंबर को नगर निगम भिलाई में स्थित सभागार कक्ष क्रमांक 2 में सुबह 11 से शाम 4 बजे तक आयोजित की जाएगी। जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य में दुर्ग जिले को चयनित किया गया है। अग्रणी बैंक प्रबंधक से मिली जानकारी अनुसार दुर्ग जिले में कुल 1,72,174 खातों में कुल राशि 65.59 करोड़ है। इस शिविर का उद्देश्य अधिक से अधिक दावा रहित जमा राशि को उनके सही दावेदारों को प्रदान किये जाएंगे और अधिक से अधिक आवेदनों का निपटान किये जाएंगे।

### जिले में 24×7 चाइल्ड हेल्प डेस्क की स्थापना

**दुर्ग।** मिशन वात्सल्य योजना के अंतर्गत दुर्ग जिले में चाइल्ड हेल्प डेस्क की स्थापना की गई है। इस हेल्प डेस्क का शुभारंभ जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग दुर्ग द्वारा न्यू बस स्टैंड प्रतीक्षालय में रैन बसेरा के नीचे भूतल कक्ष क्रमांक 2 अनुसूचित जाति में किया गया। यह हेल्प डेस्क 24 घंटे और सप्ताह के सातों दिन 24 घंटे 7 दिन कार्यरत रहेगी, ताकि बच्चों के सर्वोत्तम हित में त्वरित सहायता और संरक्षण उपलब्ध कराया जा सके। चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 का मुख्य उद्देश्य 0-18 वर्ष के बच्चों को सुरक्षा और देखरेख उपलब्ध कराना है, जिन्हें तत्काल सहायता की आवश्यकता होती है। इस सेवा के माध्यम से जरूरतमंद बच्चों को आपात स्थिति में सहायता, पुनर्वास, परामर्श और सुरक्षा से संबंधित सभी आवश्यक सेवाएं प्रदान की जाएंगी। महिला एवं बाल विकास विभाग ने बताया कि इस केंद्र के माध्यम से जिले में बाल सुरक्षा से संबंधित कार्यों को और अधिक सशक्त एवं प्रभावी बनाया जाएगा, जिससे किसी भी जरूरतमंद बच्चे को समय पर सहायता मिल सके।

### सामान्य सभा में जनहित की आवाज को बुलंद

**पाटन।** नगर पंचायत पाटन के सामान्य सभा की बैठक में विपक्ष के साथ साथ भाजपा पार्षदों ने भी अपनी बात सदन की पटल में रखी। नगर पंचायत पाटन के सभापति एवं पार्षद वार्ड क्रमांक-4 नेहा बाबा वर्मा ने सदन के पटल पर जनहित में प्रमुख मुद्दा उठाते हुए वार्ड क्र.04 की विभिन्न गलियों में हुए बी.टी.रोड़ का संधारण कार्य, एस डी, पी जी की राशि से उक्त कार्य को पुनः कराया जाने की मांग की। उन्होंने बताया कि सुशासन तिहार में विद्युत विभाग को वार्ड कृ. 04 के पोल एवं ट्रांसफार्मर शिफ्टिंग के लिए आवेदन दिया गया था, जिसके पश्चात वार्ड में सर्वे तो किया गया किंतु आज पर्यन्त तक नगर पंचायत पाटन को आबंटन हेतु स्टीमेट प्रदान नहीं किया गया है। उक्त कार्य को शीघ्र करने की मांग की। उन्होंने बताया कि वार्ड क्र. 04 के विद्यार्थी हित में पालकों द्वारा बच्चों के जाति प्रमाण पत्र बनाने हेतु निवेदन का विवरण प्रस्तुत किया एवं छात्र छात्राओं जाति प्रमाण पत्र को शीघ्र अतिशीघ्र बनाने की मांग की। पार्षद एवं सभापति नेहा बाबा वर्मा ने कहा कि वार्ड क्रमांक 5 दशहरा मैदान मे पूर्व स्थित रावण की प्रतिमा को तोडकर नई प्रतिमा स्थापित की गई है जिसने विभिन्न प्रकार कि अनियमितताएं है, जिसकी सूक्ष्मता पूर्वक जांच की मांग की।

## घर-घर दस्तक : विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर घर-घर हो रहा सर्वे

# एसआईआर को लेकर मोर्चे पर राजनीतिक पार्टियां कांग्रेस में प्रभारी नियुक्त, बीजेपी फील्ड पर उतरी

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण शुरू हो चुका है। जिला निर्वाचन आयोग के निर्देश पर नियुक्ति बीएलओ घर-घर पहुंच रहे हैं। बता दें कि 4 नवंबर से शुरू यह सर्वे 4 दिसंबर तक चलेगा, जिसमें वर्ष 2003 और 2025 की मतदाता सूची का सत्यापन होना है। देश में मतदाता सूची फर्जीवाड़ा को लेकर मचे घमासान के बाद निर्वाचन आयोग ने दोनों वर्षों की मतदाता सूची का सत्यापन शुरू किया है। इसके बाद राजनीतिक पार्टियां भी मोर्चे पर आ गई है। कांग्रेस ने मतदाता सूची के सत्यापन के दौरान अपने कार्यकर्ताओं को फील्ड पर उतार दिया है। इसके लिए उन्हें बकायदा ट्रेनिंग दी जा रही है। इतना ही नहीं ब्लॉक स्तर पर प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। बैठकें ली जा रही है। वहीं भाजपा में भी मंडल स्तर पर बैठकें शुरू हो गई हैं, जिसमें पार्टी हाईकमान के निर्देशों, मतदाता सूचियों के बारे में सत्यापन से जुड़ी जानकारी को गंभीरता से लेने के टिप्स दिए जा रहे हैं। नए नाम जोड़ने और पुराने कटवाने को लेकर भी बूथ स्तर पर मॉनिटरिंग रखी जा रही है। देश में संभवतः पहली बार ऐसा हो रहा है, जब इस तरह से दो सूचियों का परीक्षण किया जा रहा है।

## 4 दिसंबर से होना है 2003 और 2025 की सूची का सत्यापन

### कांग्रेस ने तय की निगरानी समिति



निर्वाचन विभाग ने प्रदेश में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का कार्य शुरू कर दिया है। इसके साथ ही कांग्रेस ने भी मतदाताओं को जोड़ने के लिए अपनी टीमों की तैनाती के लिए ब्लॉक अध्यक्ष और मंडल अध्यक्षों का बैठक ली। सूची से वोट चोरी न हो, इसको लेकर कांग्रेस ने ब्लॉक स्तर तक टीम लगाने विशेष तैयारी की है। अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने ब्लॉक वार प्रभारी के साथ जिला कार्यालय से निगरानी हेतु टीम गठित करने रविवार को कांग्रेस भवन में महत्वपूर्ण बैठक ली। राकेश ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में एसआईआर लागू करने के फैसले के बाद से प्रदेश में सियासी घमासान मचा हुआ है। एसआईआर के जरिए बिहार की तरह छत्तीसगढ़ में भी दलित, एसटी, एससी, ओबीसी और अल्पसंख्यक मतदाताओं के नाम काटने की साजिश की जा रही है। ऐसे में कांग्रेस दुर्ग जिले के सभी ब्लॉक क्षेत्रों में अपने बीएलए के साथ प्रभारी लगाएगी। साथ ही निगरानी करेगी। बैठक में विक्रांत अग्रवाल, नागमणि साहू, उमेश साहू, हीरालाल वर्मा, सुनीता चन्नेवार, उमाकांत चंद्राकर, सुमन वर्मा, नंदकुमार सेन, टनेन्द्र ठाकरे, विनोद कुमार , रज्जाक खान, संजय देशलहरे, धरम बर्रे, हीरा वर्मा, प्रदिप चंद्राकर आदि मौजूद थे।

### पहले अपना नाम चेक करें, फिर परिवार और मोहल्ले का



भाजपा जिला संगठन ने भी मंडल स्तर पर बैठकें शुरू कर दी है। इस दौरान पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को जानकारी दी जा रही है कि बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर सर्वे किया जा रहा है। इसकी जानकारी रखें। मंडल से लेकर बूथ स्तर पर कार्यकर्ता सक्रिय रहें। सबसे पहले अपना नाम चेक करें, फिर परिवार और इसके बाद मोहल्ले के लोगों के नाम की पहचान कराएं। 10वीं की मार्कशीट, पासपोर्ट, आधारकार्ड या अन्य पहचान पत्र अपने पास रखें। दो कलर फोटो रखें। मृत व्यक्तियों के नाम कटवाएं। नए नाम जोड़ने में सहयोग करें। किसी भी प्रकार की गड़बड़ी पता चलने पर इसकी जानकारी पार्टी हाईकमान को दें। जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक द्वारा रविवार को अलग-अलग मंडलों में पहुंचकर बैठकें ली गई। एसआईआर को लेकर विधानसभा और मंडल स्तर पर प्रभारियों की नियुक्ति की गई। 4 दिसंबर तक बीएलओ घर-घर जाकर एसआईआर का फॉर्म बांटेंगे और फिर इसी के आधार पर 9 दिसंबर को ड्राफ्ट मतदाता सूची जारी की जाएगी। उपाध्यक्ष शिवेंद्र सिंह परिहार ने बताया कि पार्टी हाईकमान के निर्देशों के अनुरूप भाजपा का हर कार्यकर्ता निष्पक्ष निर्वाचन नियमावली को लेकर तैयार है। मतदाता सूची का सत्यापन आवश्यक है। इस दिशा में नियमित रूप से परीक्षण में सहयोग किया जाएगा। मंडल स्तर पर भी बैठकें ली जा रही है।

**2003 में था 9.79 लाख मतदाता, 2025 में हो गए 14.52 लाख**

बता दें कि 2003 में जहां जिले में जहां 979071 मतदाता थे। वहीं वर्तमान स्थिति में इनकी संख्या बढ़कर 145509 हो गई है। इस प्रकार करीब 48.35 प्रतिशत मतदाता बढ़ चुके हैं। 22 साल में इन वोटरों की संख्या में 473438 वोटरों की संख्या बढ़ी है। निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का प्रारंभिक प्रकाशन 28 अक्टूबर को किया गया है। 4 नवंबर से शुरू अभियान 4 दिसंबर तक चलेगा। 7 फरवरी 2026 को तैयार मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। 9 दिसंबर को मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन होगा। 8 जनवरी 2026 तक दावा आपत्ति ली जाएगी। 31 जनवरी 2026 तक नोटिस चरण (सुनवाई और सत्यापन) रहेगा। 7 फरवरी को फाइनल सूची का प्रकाशन कर दिया जाएगा। 1 जनवरी 2026 की स्थिति में नए मतदाताओं का नाम जोड़ने फार्म-6 भरकर दर्ज करने की कार्यवाही की जा सकेगी। इस कार्य के लिए कलेक्टोरेट में हेल्प डेस्क बनाया गया है। 1950 नंबर पर भी जानकारी ली सकती है।

# दीपावली मिलन में बनी आंदोलन की रूपरेखा



हरिभूमि न्यूज ⏭सेलूद

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के आह्वान पर दीपावली मिलन एवं पदाधिकारी सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रदेशभर के विभिन्न कर्मचारी संगठनों के नेता बड़ी संख्या में शामिल हुए।कार्यक्रम के दौरान फेडरेशन द्वारा कर्मचारियों की 11 सूत्रीय मांगों को लेकर आगामी निश्चितकालीन आंदोलन की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की गई। निर्णय लिया गया कि आंदोलन की अंतिम रणनीति फेडरेशन की कोर कमेटी की बैठक में तय की जाएगी। समारोह के दौरान छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन पेंशनर्स फोरम के प्रदेश संयोजक बी. पी. शर्मा ने पेंशनरों की ज्वलंत समस्याओं पर प्रकाश डालते हुए पेंशनरों के हित में लिए गए निर्णयों से अवगत कराया। इसमें प्रदेश में पेंशनर्स सेल की स्थापना तथा 80 वर्ष की आयु के उपरांत पेंशनरों के वेतन निर्धारण से संबंधित निर्णय प्रमुख हैं। उन्होंने पेंशनरों के लिए कैशलेस सुविधा एवं धारा 49(6) के स्थायी समाधान हेतु केंद्र सरकार से पहल करने की आवश्यकता पर भी बल दिया।

इस अवसर पर प्रदेश संयोजक कमल वर्मा ने उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को दीपावली की शुभकामनाएं दीं तथा फेडरेशन के अब तक के संघर्षों से सभी को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि प्रदेश के कर्मचारियों को अपने अधिकारों की रक्षा और सम्मान के लिए एकजुट होकर संघर्षरत रहना होगा। प्रांतीय संरक्षक सुभाष मिश्रा ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि विभिन्न संगठनों के प्रांतीय अध्यक्षों का एक मंच पर आना समय की मांग है। उन्होंने प्रदेश के कर्मचारियों द्वारा फेडरेशन में जताए गए अटूट विश्वास की प्रशंसा की और सभी संगठनों से फेडरेशन के साथ जुड़ने की अपील की।

# पाटणकर कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय गीत वंदेमातरम का सामूहिक गायन



**दुर्ग।** शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग में राष्ट्रीय गीत वंदेमातरम की 150वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य पर महाविद्यालय की छात्राओं, प्राध्यापकों एवं कार्यलय स्टॉफ के समस्त कर्मचारियों ने वंदेमातरम गीत का सामूहिक गायन किया।

इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव ने वंदेमातरम गीत की भावना का मर्म समझाते हुए छात्राओं से राष्ट्र प्रेम और राष्ट्र भावना से ओत-प्रोत हो राष्ट्र के लिए समर्पण के लिए आह्वान किया। बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित इस राष्ट्रीय गीत को किन परिस्थितियों एवं भावना से प्रेरित होकर रचा गया इन तथ्यों पर प्राचार्य ने प्रकाश डाला।इस आयोजन पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रंजना श्रीवास्तव, डॉ. अमिता सहगल, डॉ. अनिल जैन, डॉ. मीनाक्षी अग्रवाल, डॉ. सुशमा यादव, डॉ. केएल राठी, डॉ. रेश्मा लाकेश, डॉ. मीरा गुप्ता, डॉ. यशेश्वरी ध्रुव, डॉ. अनुजा चौहान, डॉ. विजय वासनिक, डॉ. मोनिया राकेष, डॉ. मंजुलता साव, ज्योति भरणे, डॉ. ऋतु दुबे एवं अन्य प्राध्यापक तथा ऑफिस स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित थीं। कार्यक्रम का संचालन संगीत विभागाध्यक्ष डॉ. मिलिन्द अमृतफले ने किया।

# रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों और निगम आयुक्तों को बनाया गया अतिरिक्त सहायक निर्वाचक अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

- भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन नामावली का पुनरीक्षण

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण अहर्ता तिथि 01 जनवरी 2026 हेतु पूर्व में नियुक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के अतिरिक्त नए सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 62 पाटन हेतु अतिरिक्त तहसीलदार, नायब तहसीलदार - 2 पाटन एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी अमलेश्वर, 63 दुर्ग ग्रामीण हेतु कार्यपालन अभियंता नगर निगम रिसाली, 64 दुर्ग शहर हेतु सयुक्त कलेक्टर 1 डिप्टी कलेक्टर - 1 दुर्ग, उपायुक्त नगर पालिका निगम दुर्ग एवं कार्यपालन अभियंता - 2 नगर पालिका निगम दुर्ग, 65 भिलाई नगर हेतु सयुक्त कलेक्टर 2 डिप्टी कलेक्टर -2 दुर्ग, ज़ोन आयुक्त ज़ोन 5 कार्यपालन अभियंता 1 नगर निगम भिलाई, नायब तहसीलदार -3 दुर्ग एवं उपायुक्त नगर पालिका निगम भिलाई, 66 वैशाली नगर हेतु अतिरिक्त तहसीलदार 2 नायब तहसीलदार- 4 दुर्ग, ज़ोन आयुक्त 3 कार्यपालन अभियंता 2 नगर निगम भिलाई एवं नायब तहसीलदार 5 दुर्ग तथा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 67 अहिवारा हेतु तहसीलदार भिलाई -3, नायब तहसीलदार -1 अहिवारा एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद जामुल को सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 68 साजा (आंशिक) हेतु तहसीलदार,नायब तहसीलदार 1 धमधा तथा 69 बेमेतरा (आंशिक ) हेतु नायब तहसीलदार - 2 धमधा एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगर पंचायत धमधा को सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### नगर निगम आयुक्त भी बनाये गए अतिरिक्त जिला निर्वाचन अधिकारी

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के आधार पर मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य हेतु नगर निगम क्षेत्र में सहभागिता सुनिश्चित करने समस्त नगर निगम आयुक्तों को संबंधित निगम क्षेत्र के लिए अतिरिक्त जिला निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया है। आयोग के आदेशानुसार जिले के नगर निगम आयुक्त दुर्ग अधिकार क्षेत्र दुर्ग नगर निगम, नगर निगम आयुक्त भिलाई 3 चरोदा अधिकार क्षेत्र भिलाई 3 चरोदा नगर निगम, नगर निगम आयुक्त भिलाई अधिकार क्षेत्र भिलाई नगर निगम तथा नगर निगम आयुक्त रिसाली अधिकार क्षेत्र रिसाली नगर निगम के लिये अतिरिक्त जिला निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किये गए है। यह नियुक्ति लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 13 सी के अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग में प्रतिनियुक्ति समझे जाएंगे और ऐसे अधिकारी इस अवधि के दौरान निर्वाचन आयोग के नियंत्रण, अधीक्षण एवं अनुशासन के अध्यधीन होंगे। यह नियुक्ति विशेष गहन पुनरीक्षण 2025-26 की समाप्ति पश्चात प्रभावी नहीं रहेगी।

## बिना पुनर्वास किए हॉस्पिटल सेक्टर के निवासियों को हटाना अनुचित

# सभी निवासियों को एक समान नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

- मेहनतकश आवास अधिकार संघ ने उठाया मुद्दा

मेहनतकश आवास अधिकार संघ एवं छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा मजदूर कार्यकर्ता समिति द्वारा बताया गया कि हॉस्पिटल सेक्टर में निवासरत लोगों को जारी नोटिस के संबंध में 8 नवम्बर को पेशी रखी गई थी। इस अवसर पर हॉस्पिटल सेक्टर के सैकड़ों निवासी बड़ी संख्या में उपस्थित हुए।

पेशी के दौरान हाईकोर्ट के अधिवक्ता अमित कुमार एवं गीत कुमार ने सेक्टरवासियों की ओर से कानूनी पक्ष प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि हॉस्पिटल सेक्टर के सभी निवासियों को एक समान नोटिस जारी किया गया है, जो कि कानूनी दृष्टि से गलत है, क्योंकि यहाँ रहने वाले अधिकांश लोग पूर्व बीएसपी कर्मियों के परिजन, लीजधारी, अलॉटमेंटधारी या लाइसेंसी हैं। अतः प्रत्येक श्रेणी के लिए भिन्न-भिन्न कानूनी धाराओं के अंतर्गत नोटिस जारी किया जाना आवश्यक था, जो नहीं किया गया।अधिवक्ताओं ने यह भी कहा कि बिना सुव्यवस्थित पुनर्वास एवं वैकल्पिक व्यवस्था किए हॉस्पिटल सेक्टर के निवासियों को हटाना अनुचित और अमानवीय होगा। उन्होंने संपदा न्यायालय को यह भी अवगत कराया कि इस संबंध में सर्वोच्च न्यायालय में भी याचिका दायर की जा चुकी है। संपदा न्यायालय द्वारा अगली पेशी की तिथि 19 नवम्बर 2025 निर्धारित की गई है।वहींए मजदूरों के बीच यह भी चर्चा का विषय रहा कि सूत्रों के अनुसार सेक्टर-9 अस्पताल के निजीकरण की प्रक्रिया चल रही है, जो भिलाई इस्पात संयंत्र के कर्मचारियों और सेक्टर के सैकड़ों श्रमिक परिवारों के लिए गहरी चिंता का विषय है। निजीकरण की स्थिति में श्रमिकों की नौकरी और रिटायर्ड कर्मचारियों को दवाई के लिए भटकना पड़ जाएगा सबके उपर संकट मंडरा रहा है। संघ एवं समिति ने स्पष्ट रूप से कहा कि वे अस्पताल के निजीकरण और ठेकेदारी प्रथा दोनों का दृढ़ता से विरोध करते हैं। आज की पेशी में अरुंणा, वर्षा, दीप, सुधा, लक्ष्मी यादव, नारायण राव, संजना, भावना, निरा डेहरिया, सारदा मेश्राम, मैरी, कलादास डेहरिया, ब्रम्हा, मीना, मन्नु, पीके सहित सैकड़ों सेक्टरवासी शामिल रहे।



# नेता प्रतिपक्ष को मिला कक्ष, पूजा-अर्चना कर किया औपचारिक प्रवेश

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम दुर्ग में गरिमामय अवसर देखने को मिला। नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले ने निगम परिसर स्थित मोतीलाल वोरा सभागार के नीचे बने अपने कक्ष का शुभारंभ विधिवत पूजा-अर्चना कर किया। शुभारंभ अवसर पर नगर निगम सभापति श्याम शर्मा, एमआईसी सदस्य देव नारायण चंद्राकर, पार्षद ज्ञानेश्वर ताम्रकार, नीलेश अग्रवाल, दीपक साहू, भास्कर कुंडले, मनीष कोठारी, पूर्व विधायक अरूण वोरा, पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल, राजेंद्र साहू, दीपक दुबे, आयुष शर्मा, वरुण केवलतनी, प्रेम लता साहू, बिजेंद्र भारद्वाज सहित कई जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

पूजन-अर्चना के पश्चात नेता प्रतिपक्ष श्री कोहले ने उपस्थित अतिथियों के साथ दीप प्रज्वलित कर अपने कार्य कक्ष की औपचारिक शुरुआत की। उन्होंने कहा कि यह स्थान जनता की समस्याओं को सुनने और उनके समाधान का केंद्र बनेगा। कोहले ने कहा यह कक्ष जनता से संवाद और सहयोग का माध्यम बनेगा। इस अवसर पर उन्होंने महापौर अलका बाघमार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि निगम परिसर में विपक्ष के लिए कक्ष आबंटित किया जाना लोकतांत्रिक परंपरा का सम्मान है। उन्होंने कहा कि इससे नगर निगम में सकारात्मक संवाद और जनहित के मुद्दों पर बेहतर समन्वय स्थापित होगा। पूजन कार्यक्रम के दौरान धार्मिक मंत्रोच्चारण के बीच सभी अतिथियों ने शुभकामनाएं दीं।



**खबर संक्षेप**

## ब्याज के पैसे के लेन देन को लेकर हत्या, दस आरोपी जेल

**भिलाई।** ब्याज के पैसे की लेन देन को लेकर एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई। पुलिस ने इस मामले में 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ धारा 103 (1), 331 (8), 111(बीएनएस के तहत कार्रवाई करते हुए सभी को रिमांड पर भेज दिया गया है। मामला थाना सिटी कोतवाली दुर्ग का है। जानकारी के अनुसार प्रार्थिया वी. रानी सोनी उम्र 46 वर्ष निवासी शीतला नगर ने थाना सिटी कोतवाली दुर्ग में रिपोर्ट दर्ज करायी कि उसका पति वेदुरवाडा संतोष आचारी सोना चादी एवं ब्याज पर रुपए देने का काम करता था। दादू सोनी को उसके पति ने कुछ रुपए दिए थे, जो काफी दिनों से वापस नहीं कर रहा था। इसी बात को लेकर दोनों के बीच कई बार विवाद हुआ था। विगत 7 नवंबर को वेदुरवाडा संतोष आचारी ने पत्नी को फोन कर बताया कि दादू सोनी से पैसा मांगने पर उसका लड़का अपने दोस्तों के साथ विवाद हो गया है। अलगे दिन सुबह करीब 7 बजे अस्पताल से पत्नी को सूचना मिली की पति संतोष आचारी की हत्या हो गई है। पत्नी की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। आरोपियों की पतासाजी के दौरान दादू सोनी एवं अन्य आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई।

### कार्यक्रम : वोकल फॉर लोकल से सशक्त होगा भारत

# भाजपा के आत्मनिर्भर भारत सम्मेलन में कार्यकर्ताओं में दिखा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद।

बालोद शहर स्थित सी-मार्ट में भारतीय जनता पार्टी के संजारी-बालोद विधानसभा स्तरीय आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान सम्मेलन का आयोजन भव्य रूप से संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद भोजराज नाग थे। मुख्य वक्ता प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन रहे। अध्यक्षता पूर्व विधायक प्रीतम साहू ने की। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री एवं जिला संयोजक राकेश (छोटू) यादव ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत मां भारती, पंडित श्यामा प्रसाद मुखजएँ एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रें पर दीप प्रज्वलन के साथ की गई।

मुख्य अतिथि सांसद भोजराज नाग ने कहा कि भारत आज नई गति से आगे बढ़ रहा है हमें बुलेट ट्रेन की रफ्तार से आत्मनिर्भर भारत की दिशा में कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि हमारे युवाओं के पास असीम ऊर्जा है, लेकिन उन्हें सही दिशा में परिश्रम करना होगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के "वोकल फॉर लोकल" और फिट इंडिया जैसे







अभियानों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भरता केवल आर्थिक नहीं, बल्कि सामाजिक और शारीरिक सशक्तिकरण का भी प्रतीक है। उन्होंने किसानों से भी आग्रह किया कि स्वदेशी बीज और जैविक खेती अपनाकर आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान दें।

प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन ने कहा कि स्वदेशी केवल वस्तुओं तक सीमित नहीं है, बल्कि हमारी

संस्कृति, परंपरा और विचारों में भी स्वदेशी भाव होना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत आत्मनिर्भर बनेगा, तभी विश्व में उसकी पहचान और सशक्त होगी। उन्होंने सरदार वल्लभभाई पटेल के उदाहरण से एकता और स्वदेशी की भावना को रेखांकित किया। पूर्व विधायक प्रीतम साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत विश्व में अपनी पहचान एक सशक्त राष्ट्र के रूप में बना रहा है। उन्होंने कहा कि "वोकल फॉर लोकल" के माध्यम से देश का हर नागरिक आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार कर सकता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता दें ताकि ग्रामीण और शहरी कारीगरों की आजीविका मजबूत हो सके।

सांसद भोजराज नाग जी ने आए हुए सभी मंडल अध्यक्षों एवं जनप्रतिनिधियों का सम्मान किया। कार्यक्रम के अंत में जिला सह संयोजक एवं जिला मंत्री प्रेम साहू ने सभी अतिथियों, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ वन उपज उपाध्यक्ष यज्ञ दत्त शर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष कृष्णकांत पवार, पूर्व प्रदेश मंत्री राकेश यादव, जिला पंचायत उपाध्यक्ष टोमन साहू, जिला महामंत्री राकेश (छोटू) यादव, जिला मीडिया प्रभारी भारतीय जनता पाटएँ, जिला बालोद कमल पनपालिया, दुर्गानंद साहू, तेजराम साहू, दिनेश सिंह, लक्ष्मी साहू, सुरेंद्र देशमुख, प्रेम साहू, निशा योगी, कृतिका साहू, भुनेश्वरी चंद्राकर, महेश्वरी ठाकुर, अमित चोपड़ा, टुकेश्वर पांडे, धर्मेंद्र साहू, दीपा साहू, आदित्य पिपरे, त्रिलोकी साहू, रविंद्र टेमरिया, मनीष गांधी, गिरजेश गुप्ता, गोकुल ठाकुर, प्रीतम यादव,संजय सानू,शिवेंद्र देशमुख, संदीप साहू, रौनक कत्याल ,भांन सिंह मंडावी ,कांति साहू, प्रीती देशमुख, गोमती रात्रे, पुष्पा साहू, आशा पटेल, सुनीता मनहर, संजय शर्मा, कमल बजाज तथा अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# यूनिटी मार्च में रेडक्रास के 60 बच्चे व 15 प्रभारी शामिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

यूनिटी मार्च सोमवार को जिला मुख्यालय के गंगा मैय्या मंदिर झलमला बालोद से सुबह 8 बजे प्रारंभ हुआ, इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से कांकेर लोकसभा क्षेत्र के सांसद भोजराज नाग की उपस्थिति में प्रारंभ हुआ। इस यूनिटी मार्च में रेडक्रास सोसायटी के 60 बच्चे व 15 प्रभारियों की सहभागिता रही। 8 किमी की इस यात्र में शासकीय कन्या विद्यालय बालोद, देवारभाट, झलमला, सेजेस हिन्दी माध्यम बालोद, पारारास, भैंसबोड, सेजेस अछोली, बालक डौण्डी लोहारा, पलारी एवं अन्य स्कूल के बच्चे शामिल हुए। राज्य चेयरमैन तोमन साहु के नेतृत्व में व जिला शिक्षा अधिकारी बालोद

■ रेडक्रास सोसायटी के बच्चों ने यूनिटी मार्च से दिया एकता और नशा मुक्ति का संदेश



के मार्गदर्शन में रेडक्रास टीम शामिल होकर यूनिटी मार्च के तहत झलमला, सिवनी, हीरापुर, सुमित बाजार के सामने से होते हुए दुर्गा मंदिर पहुंचे, जहां पर रेडक्रास द्वारा सिगरेट का रूप धारण कर तम्बाकू से दूर रहने का संदेश रेडक्रास वालेंटियर कान्हा के द्वारा दिया गया।यह यूनिटी मार्च बस स्टैंड बालोद में समाप्त हुई। इस अवसर पर रेडक्रॉस के प्रबंध समिति सदस्य, आजीवन सदस्य, रेडक्रास वालेंटियर, वाइस-चेयरमैन कमला वर्मा, कोषाध्यक्ष रेडक्रास रूपनारायण देशमुख, दिनेश तापड़िया, नरेन्द्र यादव, पीआर देवांगन, हेमन्त साहू, चन्द्रलेखा ठाकुर, रीमा सोरी, मिका, हंसा सुखदेवे व अन्य सदस्य भी उपस्थित थे।

# आंगनबाड़ी भवन निर्माण वर्षों से अधूरा बिना बाथरूम वाले अस्थायी भवन में हो रहा संचालित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

आदिवासी विकासखंड डोंडी के बड़ा ग्राम पंचायत कुसुमकसा में नौनिहालों के दो आंगनबाड़ी केंद्र जर्जर भवनों के कारण वर्षों से अस्थायी स्थानों पर संचालित हो रहे हैं। आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक-03 पिछले आठ वर्षों से अटल समरसता भवन के एक छोटे कमरे में चल रहा है। यहां न तो शौचालय की सुविधा है और न ही पर्याप्त जगह, जिससे बच्चों और कार्यकर्ताओं को लगातार कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

वर्ष 2023 में 8.15 लाख रुपये की स्वीकृति मिलने के बावजूद भवन निर्माण अब तक पूरा नहीं हो पाया है। ग्रामीणों ने बताया कि निर्माण कार्य में कई बार अनियमितताएं मिलीं।

इसी प्रकार गुंडराटोला में भी आंगनबाड़ी भवन जर्जर होने से पिछले तीन वर्षों से किराए के मकान में और अब कलामंच के छोटे कमरे में केंद्र संचालित हो रहा है, जहां शौचालय की भी सुविधा नहीं है।





पूर्व जनपद सदस्य अनिल सुथार ने भवन जल्द पूर्ण कराने की मांग की है। महिला बाल विकास विभाग डोंडी-2 के परियोजना अधिकारी कृतेश मार्गिया ने बताया कि भवन पूर्ण कराने हेतु जनपद पंचायत को पत्र भेजा गया है और गुंडराटोला के जर्जर भवन को तोड़ने व नए भवन के प्रस्ताव भेजने की प्रक्रिया जारी है।

# सरदार वल्लभभाई पटेल मैदान में स्वामी युगल शरण का दार्शनिक प्रवचन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

सरदार वल्लभ भाई पटेल मैदान में ब्रज गोपिका सेवा मिशन द्वारा आयोजित 20 दिवसीय विलक्षण दार्शनिक प्रवचन श्रृंखला के चौथे दिन पूज्य स्वामी युगल शरण जी का स्वागत पुष्पगुच्छ अर्पण कर किया गया। तत्पश्चात उन्होंने "ब्रह्म का स्वरूप" विषय पर प्रवचन देते हुए कहा कि भगवान को मन, बुद्धि और इंद्रियों से नहीं जाना जा सकता क्योंकि ये प्राकृत हैं, जबकि भगवान दिव्य हैं। वेदों में कहा गया है कि भगवान इंद्रियों, मन और बुद्धि से परे हैं। उन्होंने बताया कि जीव सीमित ज्ञान वाला है जबकि भगवान सर्वज्ञ हैं, जो अनंत ब्रह्मांडों और असंख्य जीवों के विचारों को जानते हैं। स्वामी जी ने कहा कि भगवान साकार भी हैं, निराकार भी, अज भी हैं फिर भी अवतार लेते हैं, धर्म-अधर्म से परे होकर भक्तों के लिए अपने स्वरूप को बदलते हैं। उन्होंने निष्कर्ष में कहा कि यद्यपि भगवान को बुद्धि से नहीं जाना जा सकता, परंतु भक्ति और समर्पण के माध्यम से उनके साक्षात्कार का अनुभव संभव है।

■ जीव सीमित ज्ञानी है, जबकि भगवान सर्वज्ञ और परम स्वतंत्र

# सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर विविध प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

देश के लौह पुरुष और भारत के एकीकरण के शिल्पी सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर जिलेभर में विभिन्न कार्यक्रमों एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस अवसर पर "रन फॉर यूनिटी" के तहत झलमला गंगा मैया से बालोद बस स्टैंड तक भव्य पदयात्रा निकाली गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद भोजराज नाग रहे। साथ ही भाजपा प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन, भाजपा नेता शर्मा,पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी, जिला पंचायत अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर, उपाध्यक्ष तोमन साहू, जनपद अध्यक्ष सरस्वती टेमरिया सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल संचालन नोडल अधिकारी डिप्टी कलेक्टर प्राची ठाकुर के निर्देशन में किया गया। आयोजन के तहत आयोजित चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता में शासकीय बालक उच्च माध्यमिक विद्यालय डौंडी लोहारा की छात्राएं तेजस्वी कंवर और शालिनी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सांसद नाग द्वारा





दोनों छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर छात्राओं की मार्गदर्शक शिक्षिका एनुका शार्वा भी उपस्थित थी। रन फॉर यूनिटी में विद्यालय के छात्र लेहन तमुरिया एवं अमर सहित शिक्षक हेमंत साहू ने सक्रिय रूप से भाग लिया। पदयात्रा में सहभागियों ने देश की एकता, अखंडता और राष्ट्रनिर्माण के संकल्प के साथ लोगों को सदैव मिल-जुलकर चलने का संदेश दिया। छात्राओं की इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रभारी एल.के. ठाकुर, वरिष्ठ व्याख्याता प्रदीप मेश्राम, डुप्ले साहू, लवन साहू, सौरभ शर्मा एवं कपिल पटेल ने हर्ष जाहीर किया।

■ चित्रकला और निबंध प्रतियोगिता में तेजस्वी कंवर व शालिनी प्रथम, सांसद ने किया सम्मानित

# फंड की कमी से कुम्हली में विकास कार्य ठप

**जामगाव आर।** ग्राम पंचायत कुम्हली में फंड की भारी कमी के कारण विकास कार्य पूरी तरह से अटके पड़े हैं, जिससे सरपंच टिकेश्वरी सोहन ठाकुर (आरक्षण के तहत पदस्थ) और ग्रामीणों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। सरपंच और सचिव गेंदलाल साहू ने बताया कि पंचायत के पास कोई फंड नहीं है। इसी वजह से तालाब पचरीकरण, सड़क-नाली निर्माण और स्कूल मरम्मत जैसे अत्यावश्यक कार्य रुके हुए हैं।

विकास कार्यों के साथ ही गांव में पेयजल संकट भी गंभीर है। भू-जल



स्तर गिरने से गांव के 15 नलकूप भी पानी की पर्याप्त आपूर्ति नहीं कर पा रहे हैं। हालांकि, इस पेयजल संकट के जल्द हल होने की उम्मीद है। पीएचई विभाग द्वारा खारुन नदी से 19 ग्रामों को पेयजल उपलब्ध कराने हेतु 17.86 करोड़ रुपये की योजना स्वीकृत है। पीएचई एसडीओ जलालुद्दीन खान ने बताया कि जैसे ही विद्युत कार्य पूरा होगा, दिसंबर 2025 से खारुन नदी का पानी कुम्हली सहित आसपास के गांवों तक पहुंचना शुरू हो जाएगा, जिससे पेयजल की समस्या दूर होगी।

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार, दल्लीराजहरा जिला बालोद (छ.ग.)**

**-: उद्घोषणा :-**

क्रमांक/20/प्र/अति.तह./ 2025 दल्लीराजहरा, दिनांक 03/11/ 2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कार्यालय कलेक्टर जिला बालोद (छ.ग.) का ज्ञापन कमांक 557/ प्र. कल /2025 बलोद दिनाक 29/10/2025 के अनुसार आवेदक 1. राजेन्द्र कुमार पिता स्व. बिसाहू राम 2. आशा पिता स्व. बिसाहू जाति बनौदिया (कश्यप) दोनों निवासी पदुमनगर वार्ड क्र. 19 भिलाई चरौदा जिला-दुर्ग (छ.ग.) अपने स्वामित्व हक की ग्राम चिखलाकसा वार्ड क्र. 03 स्थित परिवर्तित भूमि खसरा नंबर 299/2 रकबा 0.02 हे. भूमि को रकम की आवश्यकता होने के कारण गैर आदिवासी क्रेता कृष्ण कुमार शर्मा पिता स्व. केशरी प्रसाद शर्मा जाति ब्राम्हण निवासी वार्ड क्र. 03 अटल चौक चिखलाकसा तहसील डौण्डी जिला बालोद के पास विक्रय की अनुमति हेतु आवेदन पेश किया गया है जो कि जांच प्रतिवेदनार्थ हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को दावा/ आपत्ति हो तो वह अपना लिखित आपत्ति दिनांक 20/11/2025 तक इस न्यायालय में स्वयं का अपने मान्य अधिवक्ता के साथ उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतः आज दिनाक 03/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ उद्घोषणा जारी किया गया।

मुहर

अतिरिक्त तहसीलदार,
दल्लीराजहरा

# हाईकोर्ट के आदेश पर जेके लक्ष्मी सीमेंट ने जमा किए 2.73 करोड़

**दुर्ग।** दुर्ग जिले में स्थित जेके लक्ष्मी सीमेंट लिमिटेड कंपनी के खिलाफ छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। न्यायालय के आदेश पर जेके लक्ष्मी ने अहिवारा नगर पालिका के खाते में संपत्ति कर के रूप में 2 करोड़ 73 लाख 60 हजार 356 रुपए जमा किया है। अहिवारा नगर पालिका ने जेके लक्ष्मी सीमेंट लिमिटेड के ऊपर संपत्ति कर जमा करने का नोटिस जारी किया था। इसके बाद मामला हाईकोर्ट में सुनवाई के लिए पहुंचा। नगर पालिका ने 17 सितंबर 2025 को जारी किए गए डिमांड नोटिस को कोर्ट के सामने रखा और बताया कि उन्हें जेके लक्ष्मी सीमेंट कंपनी से साल 2016-17 से लेकर 2024-25 तक के अवधि के लिए कुल 9 करोड़ 12 लाख 1 हजार 186 रुपए संपत्ति और समेकित कर के रूप में चाहिए। इस पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने आदेश जारी किया कि सीमेंट कंपनी डिमांड नोटिस की राशि का 30 प्रतिशत 45 दिनों के भीतर जमा करे।

## पेज 9 के शेष

### सरदार वल्लभभाई...

है। उन्होंने युवाओं से देश की एकता, अखंडता और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। सांसद नाग ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना पर प्रकाश डालते हुए कहा कि देश अब सशक्त और स्वावलंबी बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने उपस्थित नागरिकों से नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लेने की अपील की और कहा कि नशा परिवार, समाज और राष्ट्र की उन्नति में सबसे बड़ी बाधा है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ के उपाध्यक्ष यज्ञदत्त शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी, पूर्व विधायक प्रीतम साहू, राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य यशवंत जैन, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि चेमन देशमुख, कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार पटेल सहित अनेक अधिकारी, जनप्रतिनिधि, विद्यार्थी और नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### अज्ञात वाहन की...

पैर, दोनो हांथ के उंगलियों में चोंटे लगी है, उसके नाक और कान तरफ से खून निकल रहा है उसके बाद 108 एंबुलेंस में बलराम यादव को ईलाज कराने शासकीय अस्पताल देवरी बंगला लेकर गये हैं।

# स्वच्छता कर्मियों को नमस्ते योजना के तहत विशेष प्रशिक्षण दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के तहत भारत सरकार द्वारा संचालित "नमस्ते योजना के अंतर्गत नगर पालिका परिषद दल्लीराजहरा में सोमवार को स्वच्छता कर्मियों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया। यह कार्यशाला नपा अध्यक्ष तोरण लाल साहू के मार्गदर्शन एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी भूपेंद्र वार्डेकर के आदेशानुसार आयोजित की गई।

इस प्रशिक्षण का उद्देश्य स्वच्छता कर्मियों को मशीनीकृत और सुरक्षित ढंग से सीवर व सेप्टिक टैंक सफाई कार्य करने की दिशा में सक्षम बनाना था। कार्यशाला में डोर टू डोर कचरा संग्रहण कार्य में जुटी स्वच्छता दीदियों और सेप्टिक टैंक सफाई कर्मियों को आधुनिक उपकरणों, सुरक्षा किट, गैस सेंसर, ऑक्सीजन मास्क, ग्लव्स, बूट्स इत्यादि का सही उपयोग सिखाया गया।

सीवर एवं सेप्टिक टैंक की मैनुअल सफाई को पूर्णतः समाप्त करना।शून्य मृत्यु दर और अधिकतम सुरक्षा सुनिश्चित करना। स्वच्छता कर्मियों को प्रशिक्षित कर आत्मनिर्भर बनाना।स्वरोजगार के



अवसरों से जोड़ना और सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना। मुख्य नगर पालिका अधिकारी भूपेंद्र वार्डेकर ने बताया कि नमस्ते योजना स्वच्छता कर्मियों की सुरक्षा, सम्मान और कौशल विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है। अब सफाई कार्य पूरी तरह से मशीनीकृत उपकरणों से किया जाएगा जिससे किसी की जान को जोखिम न हो।

नगर पालिका अध्यक्ष तोरण लाल साहू ने कहा स्वच्छता कर्मी हमारे शहर की रीढ़ हैं। उनका सशक्तिकरण, प्रशिक्षण और सुरक्षा सुनिश्चित करना नगर पालिका की सर्वोच्च प्राथमिकता है। नमस्ते योजना से स्वच्छता क्षेत्र में तकनीकी और सामाजिक दोनों रूप से बड़ा बदलाव आएगा।

### योजना का व्यापक प्रभाव

यह योजना सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय एवं आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा संयुक्त रूप से संचालित की जा रही है। इसके तहत देशभर के सफाई कर्मियों को प्रशिक्षण, बीमा सुरक्षा, स्वास्थ्य लाभ और स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

### कार्यशाला में प्रमुख उपस्थिति

इस अवसर पर नपा के स्वास्थ्य अधिकारी रामगोपाल चंद्राकर, पीआईयू अधिकारी विक्रांत साहू, सभी स्वच्छता कर्मचारी, एवं स्वच्छता दीदियां बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं। सभी ने प्रशिक्षण के माध्यम से आधुनिक सफाई तकनीक का अनुभव प्राप्त किया और इसे अपने दैनिक कार्य में अपनाने का संकल्प लिया। दल्लीराजहरा नगर पालिका द्वारा आयोजित यह कार्यशाला न केवल स्वच्छता व्यवस्था को सशक्त बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी, बल्कि यह स्वच्छता कर्मियों की गरिमा, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता को भी नई ऊंचाई देगी।

HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक

सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज

Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore

पता: चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### सिकोसा में जन्मोत्सव एवं नामकरण पर रामायण पाठ का आयोजन

**गुण्डरदेही।** आदर्श ग्राम पंचायत सिकोसा में चंद्राकर परिवार द्वारा जन्मोत्सव एवं नामकरण संस्कार के अवसर पर मनहोरा सिकोसा में 12 नंवबर को कामता प्रसाद महाराज का जय गुरुदेव मानस परिवार कूड़े दादर गरियाबंद छुरा का रात्रि कालीन रामायण का आयोजन किया गया है। जिसमें समस्त मानसप्रेमी श्रोतागणो को जन्मदिन पर सम्मिलित होने के लिए आमंत्रण किया गया है, क्षेत्र में महाराज कामता प्रसाद का प्रथम कार्यक्रम है। जिसका आयोजन चंद्राकर परिवार मनहोरा नरेंद्र चंद्राकर, तेजराम चंद्राकार, हेमंत चंद्राकर, डेमन चंद्राकर और समस्त चंद्राकर परिवार द्वारा नामकरण एवं संस्कार के आयोजन पर विशेष आयोजन का रसपान करने के लिए सभी को सादर आमंत्रित किया है।



### ओपन स्कूल परीक्षा का प्रवेश पत्र वितरण 13 से

**डौंडीलोहारा।** संजयनगर स्थित शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ओपन स्कूल केंद्र क्रमांक 1904 में नवंबर माह में होने वाली मुख्य/अवसर परीक्षा का प्रवेश पत्र वितरण 13 एवं 14 नवंबर को किया जाएगा।जानकारी प्रदान करते हुए ओपन स्कूल प्रभारी व्ही के भंडारी ने बताया कि 17 नवंबर को बारहवीं हिंदी व 18 नवंबर को दसवीं हिंदी विषय के साथ परीक्षा प्रारंभ होगी जो 1 दिसंबर तक चलेगी, विद्यार्थियों को बिना प्रवेश पत्र के परीक्षा में सम्मिलित नहीं होने दिया जाएगा।

### पेंशनर का मासिक बैठक कल

**गुरूर।** छत्तीसगढ राज्य पेंशनर समाज तहसील ईकाई गुरुर की मासिक बैठक कल शासकीय प्राथमिक विद्यालय भवन पुरुर में आयोजित की गई।

### जिपं की सामान्य सभा की बैठक 13 नवंबर को

**बालोद।** जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 13 नवंबर को सुबह 11 बजे से जिला पंचायत बालोद के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने बैठक में सर्व संबंधितो को निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर उपस्थित होने को कहा है।

### आपत्तिजनक टिप्पणी, 6 थानों में एफआईआर

**भिलाई।** सोशल मीडिया पर छत्तीसगढ़ राज्य, उसकी संस्कृति और छत्तीसगढ़ महतारी के प्रति आपत्तिजनक टिप्पणी और गाली-गलौज वाले वीडियो पोस्ट किए जाने को लेकर जोहार पार्टी ने रविवार को दुर्ग जिले के 6 थानों में अपराध दर्ज करवाया है। रविवार को कुम्हारी, भिलाई-3, जामुल, नेवई, उतई और पाटन थाना में जोहार पार्टी के पदाधिकारियों ने नारेबाजी करते हुए आपत्तिजनक टिप्पणी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। जानकारी के अनुसर जोहार पार्टी ने विनोद पांडा, अनिल बुलचंदानी, राजेश उदासी और दीपक लालवानी के खिलाफ सभी थानों में अपराध दर्ज करवाई है। वहीं पोस्टर लगाने वाले अज्ञात लोगों के खिलाफ भिलाई-3 थाने में मामला दर्ज किया गया है।

# भाजपा मंडल में एसआईआर प्रशिक्षण पर कार्यशाला आयोजन की

## जनपद प्रांगण में भाजपा पदाधिकारियों ने लिया संगठनात्मक प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

भाजपा के राष्ट्रीय, प्रदेश व जिला संगठन के निर्देश पर सम्पूर्ण भारत में भाजपा के द्वारा एस आई आर के संबंध में सभी कार्यकर्ता व पदाधिकारियों को प्रशिक्षित करने भाजपा मंडल डौंडी लोहारा द्वारा 10 नवंबर को स्थानीय जनपद प्रांगण में प्रशिक्षण हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें बुथ अध्यक्ष व शक्ति केन्द्र संयोजक, सह संयोजक, प्रभारियों अधिकृत रूप से शामिल हुए, जिनको कार्यक्रम के मुख्य वक्ता व प्रशिक्षण कर्ता के रूप में भाजपा जिला कोषाध्यक्ष हरीश कटझरे द्वारा विस्तृत रुप से उपस्थित कार्यकर्त्ताओं ने प्रशिक्षित किया, इसी कार्यक्रम में वन्देमातरम के 150वीं वर्षगांठ में सभी भाजपा के बैठक व कार्यक्रम में सम्पूर्ण वन्देमातरम का गायन करने का निर्देश दिया गया। इस कार्यक्रम का शुभारम्भ वन्देमातरम के गायन से किया गया अब सभी शासकीय संस्थाओं में सम्पूर्ण वन्देमातरम का गायन करने का आदेश केन्द्र सरकार द्वारा दिये जाने के लिए प्रधानमंत्री मोदीजी का आभार व्यक्त किया गया, इस कार्यक्रम में सहप्रभारी के रूप जिला उपाध्यक्ष भुनेश्वरी ठाकुर उपस्थित थी। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर, पूर्व जिला महामंत्री व राज्य पिछडा वर्ग आयोग के पूर्व सदस्य देवेन्द्र जायसवाल,मंडल अध्यक्ष कुसुम शर्मा, महामंत्री दुष्यंत गिरी, उपाध्यक्ष संदीप लोढा, हेमलाल देशलहरा, लता गुप्ता, सुरज भान साहू,जनपद अध्यक्ष कांति सोनबरसा, उपाध्यक्ष जयलाल मालेकर, नगर पंचायत अध्यक्ष लाल निवेन्द्र टेकाम, उपाध्यक्ष नेहा उपाध्याय मंडल मंत्री धर्मेंद्र निषाद, गैंद मल भंसाली, शासकीय महाविद्यालय जनभागीदारी अध्यक्ष जसराज शर्मा, पार्षद सूर्यकला ठाकुर, शोभा राजपूत, ममता यादव,हिम्मत देशमुख, धीरेन्द्र टांक, जीवराखन कौमार्य,सुरेश देशमुख, सुरेश केसरवानी, देवदयाल देशमुख, दिलीप बाफना, संतोषी भूआर्य, प्रीतम साहू, मोहन लाल पटेल,दिलीप सिन्हा,गिरधारी भूआर्य, भागवत प्रसाद, हेमलाल सिन्हा, किशोर कुमार साहू, परसराम साहू,मोती लाल ठाकुर,कुमेश्वर देवांगन, देवेन्द्र शार्वा, मनोज मंडावी, प्रकाश चंद जैन, हरेश्वर सिन्हा, कोशलेश देवांगन,पोषण देवांगन,देव कुमार अमरिया, अशोक कुमार सोनकर, अनिल कुमार, कुंजी लाल सिन्हा, अजय बाफना, दीपक साहू, सहित अनेक कार्यकर्त्ता शामिल हुए ,कार्यक्रम का संचालन डोमेन्द्र देशमुख ने किया।



### मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने समाज भवन निर्माण हेतु 10 लाख रुपये की घोषणा की

# आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने हुआ सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/कलंगपुर

विगत दिनों ग्राम कलंगपुर में देश को आर्थिक महाशक्ति बनाने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को जन मानस तक पहुंचाने के उद्देश्य से विधानसभा स्तरीय एक भव्य संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छ.ग. शासन के कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब रहे व संगोष्ठी कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख ने किया।

इस अवसर पर ग्राम पंचायत कलँगपुर की सरपंच पुष्पा गोविन्द सिन्हा ने मंत्री जी से ग्राम विकास कार्य हेतु 1 करोड़ 78 लाख रुपये की मांग रखी। जिसमें प्रमुख रूप से विभिन्न समुदाय हेतु सामुदायिक भवन निर्माण कार्य, विभिन्न गलियों में सी सी रोड निर्माण कार्य, पक्की नाली निर्माण कार्य, मुक्तिधाम शेड व प्रतीक्षालय निर्माण कार्य, बस स्टैंड में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य, कबड्डी मेट सामाग्री व्यवस्था, यादव समाज भवन निर्माण कार्य, संस्कार शाला भवन निर्माण कार्य, बाल वाटिका सह ओपन जीम स्थापना कार्य, धरसा रोड में मुरमीकरण कार्य, विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर टीन शेड निर्माण कार्य, स्थानीय विद्यालय को स्वामी आत्मानंद विद्यालय में परिवर्तित करने, शीतला तालाब का सौंदयऍकरण सह अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य सहित विभिन्न मूलभूत आवश्यकताओं की मांग रखी। जिसमें मंत्री ने सरपंच पुष्पा सिन्हा व सतनामी समाज के मांग पर समाज हेतु सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 10 लाख रुपये की घोषणा की एवम अन्य सभी मांगों को प्राथमिकता क्रम में पूर्ण करने का आश्वासन दिया।



पूर्व सरपंच गोविन्द सिन्हा ने मांग व घोषणा के संबंध में जानकारी दी कि मंत्री के आगमन ग्रामवासियों के लिए सौभाग्यशाली रहा। मंत्री को अपने बीच पाकर ग्रामवासी बहुत प्रसन्न हुए।

आत्मनिर्भर भारत के कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला भाजपा बालोद, मंडल भाजपा गुंडरदेही, भाजपा बूथ कलँगपुर के कार्यकर्तागणों के साथ साथ स्थानीय टीम नवचेतना फाउंडेशन नई दिशा नई सोच का विशेष योगदान रहा।

# किसानों ने महतारी सदन निर्माण में रास्ता छोड़ने की मांग की



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

महतारी सदन निर्माण जिला दुर्ग के पास किसानों के खेतों से पानी निकासी एवं ट्रैक्टर हार्वेस्टर तथा अन्य कृषि उपकरण लाने एवं ले जाने हेतु रास्ता छोड़ने कलेक्टर से मिले ग्रामीण जन

अंडा। ग्राम अंडा (जिला दुर्ग) के किसानों ने कलेक्टर दुर्ग से मांग की है कि खसरा नंबर 410 पर बन रहे महतारी सदन निर्माण में उनके खेतों से पानी निकासी एवं ट्रैक्टर, हार्वेस्टर जैसे कृषि उपकरणों के आवागमन हेतु लगभग 35 फीट रास्ता छोड़ा जाए। किसानों का कहना है कि वे सरपंच, एसडीएम और कलेक्टर को कई बार आवेदन दे चुके हैं, परंतु उनकी मांग पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। खेतों से पानी निकासी रुकने से फसलें डूब गईं। किसानों ने उच्च न्यायालय बिलासपुर में याचिका दायर की थी, जिसके पालन में उन्होंने पुनः प्रशासन से उचित कार्रवाई की मांग की है।

मांगकर्ता जितेंद्र कुमार चंद्राकर, दिनेश्वर प्रसाद चंद्राकर, किशोर कुमार चंद्राकर, कुलेश्वर प्रसाद चंद्राकर, हेमेंद्र कुमार चंद्राकर, राजेंद्र चंद्राकर, दिलीप कुमार चंद्राकर, भारत लाल सिन्हा, दिनेश सिन्हा, यशवंत सिन्हा आदि आवेदक गण हैं।

# मातृत्व सुरक्षित अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं की हुई स्वास्थ्य जांच



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

■ महतारी एक्सप्रेस के माध्यम से गर्भवती महिलाओं को मिल रही नि :शुल्क सुविधा

विकासखंड गुरुर में जिला प्रशासन के निर्देशानुसार एवं खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुनील भारती के निगरानी में माह के प्रत्येक 9 एवं 24 तारीख को प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षित अभियान का आयोजन किया जाता है।

यह आयोजन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित कर समस्त गर्भवती महिलाओं का आवश्यक जांच व गंभीर जटिलताओं का पहचान कर उनका प्रबंधन किया जाना होता है। ताकि प्रसव पूर्व आवश्यक जांच होने पर प्रसव के दौरान माता को किसी प्रकार का दिक्कत ना हो और सुरक्षित प्रसव कराई जा सके, जिससे की मां और बच्चे स्वस्थ रहे इनका मुख्य उद्देश्य है। साथ ही स्वास्थ्य संस्था में लाने ले जाने हेतु महतारी एक्सप्रेस 102 की निःशुल्क सेवाएं दी जाती है।

विकास खंड गुरूर में प्रतिमाह औसतन 225 से 260 गर्भवती महिलाओं की जांच व आवश्यक उपचार व पोषण, शिक्षा, स्वास्थ्य शिक्षा दी जाती हैं। उपरोक्त स्वास्थ जांच व उपचार चिकित्सा अधिकारी द्वारा प्रदान किया जाता है।



# राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में बालोद के तीरंदाजों ने लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डोंडी

■ श्रेयांश प्रथम स्थान, फलक और दक्षा रहे तृतीय स्थान पर

रायपुर में आयोजित 25 वी सीनियर राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में लगभग बालोद रायपुर दुर्ग जिला सहित राज्य के 17 जिले से लगभग तीरंदाज इस प्रतियोगिता में भाग लिये तथा कोच इसमें शामिल हुए। हमारे बालोद जिला के तिरंदाज श्रेयांश बॉयस रिकर्व राउंड में प्रथम स्थान पर तथा गर्ल्स् रिकर्व राउंड मे फलक यादव तथा दक्षा यादव तृतीय स्थान प्राप्त किये। वही बॉयस कंपाउंड राउंड में टोमन कुमार प्रथम स्थान पर रहा। टोमन कुमार अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हमारे बालोद जिला का नाम रौशन कर रहे हैं। इस प्रतियोगिता में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कैलाश मुरारका व प्रदेश महासचिव आयुष मुरारका, बालोद तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष टोमेश कुमार देवांगन, मोनू जयसवाल, ओमप्रकाश, ढुलसिंह कोठारी, सुकपाल कुरपाल, उमेश विश्वकर्मा, पूर्णिमा चुरेन्द्र, कोच कुशल रजक तथा सहायक कोच साक्षी विश्वकर्मा सहित सभी ने उनके उज्जवल भविष्य कामना की।

# स्वस्थ नारी–सशक्त परिवार अभियान के तहत संगोष्ठी का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

■ महिलाओं और किशोरियों के स्वास्थ्य एवं पोषण पर दी गई जानकारी

■ शिक्षकों ने पौष्टिक आहार, योग और नियमित स्वास्थ्य जांच पर दिया जोर

भारत सरकार के केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के 'स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार' अभियान के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में संगोष्ठी का आयोजन विद्यालय के प्राचार्य आर के देवांगन की अध्यक्षता में किया गया। सर्वप्रथम विद्यार्थियों में से तारिणी और काजल अपने विचार प्रस्तुत किए। प्राचार्य ने इस अभियान के मुख्य उद्देश्यों के बारे में बताते हुए कहा कि महिलाओं व किशोरियों के स्वास्थ्य और पोषण में कमी नहीं होनी चाहिए। उन्हे स्वयं जागरुक होकर स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में भाग लेकर स्वास्थ्य जांच करना चाहिए। किसी भी प्रकार की शिकायत होने पर चिकित्सक से परामर्श लेने की बात कही। चाहे वह उच्च या निम्न रक्तचाप, मधुमेह, एनीमिया या अन्य कोई शिकायत हो। उन्हें स्वस्थ रहने के लिए पौष्टिक आहार के साथ-साथ नियमित व्यायाम, योग करना चाहिए । आहार में पर्याप्त मात्रा में प्रोटीन, विटामिन व कार्बोहाइड्रेट होना चाहिए।



व्याख्याता हेपशीबा एंथोनी ने कहा कि महिलाओं व किशोरियों को अधिक से अधिक मिलेट्स का उपयोग करना चाहिए। क्योंकि इसमें फाइबर, मिनरल, आयरन, प्रोटीन व विटामिन होते हैं। महिला संबंधी परेशानी होने पर स्वच्छता बनाए रखना तथा चिकित्सक की सलाह लेने की बात कही। व्याख्याता हर्षा देवांगन ने उन्हें पौष्टिक आहार के अलावा तीव्रता वाली शारीरिक गतिविधियां करने की सलाह दी। कार्यक्रम का संचालन करते हुए व्याख्याता अजय पाठक ने कहा कि हमें सब्जियों और फलों का उपयोग अधिक से अधिक करना चाहिए ताकि कभी भी मल्टीविटामिन टेबलेट लेने की आवश्यकता ही ना हो। जंक फूड और ज्यादा चीनी या नमक युक्त पदार्थ का उपयोग नहीं करना चाहिए तथा पर्याप्त मात्रा में पानी पीने की सलाह दी।

कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ व्याख्याता चंद्रमणि वासनिक, टी एल देवांगन, रेशमी साहू, चंद्रा देबनाथ, पवन सिन्हा, रीना बोरकर, भागवत साहू, वेद प्रकाश साहू, महेश रावटे, रवि देवांगन, बिंदु पटेल, बिंदु साहू और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

# बसंत बने जिला उपाध्यक्ष, ताम्रध्वज को मिली मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाटाबोड़

रविवार को सर्किट हाउस बालोद में पत्रकार कल्याण महासंघ जिला इकाई की बैठक "एक सबके लिए, सब एक के लिए" के मूल मंत्र के साथ आयोजित की गई। बैठक में रानीतरई निवासी बसंत निषाद को जिला उपाध्यक्ष और चिचबोड़ निवासी ताम्रध्वज साहू को जिला मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया। यह जिम्मेदारी उन्हें उनकी सक्रियता को देखते हुए सौंपी गई। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष सेवक दास दीवान और महासचिव प्रवीण खरे के निर्देशानुसार जिलाध्यक्ष दीपक देवांगन व जिला महासचिव यशवंत साहू की उपस्थिति में पदभार सौंपा गया। नव नियुक्त पदाधिकारियों ने संगठन के प्रति आभार जताते हुए एकजुटता व सदस्यता विस्तार का संकल्प लिया।



तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज




